इंदौर 29 सितंबर को होस्ट करेगा टीसीएस आईटी विज 2016

इंदौर । आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) ने आज स्कूली स्तर पर देश के सबसे बडे टेक्नोलॉजी क्विज - टीसीएस आईटी विज 2016 के संबंध में आवश्यक घोषणा की. इस घोषणा के अनुसार क्विज का आयोजन गुरुवार 29 सितम्बर को इंदौर में किया जायेगा। आयोजन स्थल खंडवा रोड पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पास में आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम होगा। क्विज में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है. कक्षा 8-12 में पड़ने वाले छात्र क्विज में प्रतिभागिता के लिए पात्र होंगे। प्रत्येक शिक्षण संस्थान कई टीमें भेज सकता है जिसमें से प्रत्येक टीम में 2-2 छात्र होंगे। टीसीएस आईटी विज -2016 अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई नागपुर, पुणे और विशाखापत्तनम सहित करीब 15 शहरों में आयोजित होता है.